श्याम को याद न आए

श्याम को याद न आए, चाहे श्याम को याद न आए ॥
हमे तो खाटू जाना जी, बुलावा आए या न आए ॥

प्रेम अगर सच्चा है भक्तो, जाओ बिना बुलाए
अपने क्यों शरमाए भक्तो, देख के वो शरमाए
हमे तो रिश्ता निभाना जी, बुलावा आए या न आए ॥
हमे तो खाटू जाना जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,

जिन-जिनका आया बुलावा, वो है किस्मत वाले
बिना बुलाए जो हैं जाते, वो हैं भक्त निराले
हमे तो प्रेम बढ़ाना जी, बुलावा आए या न आए ॥
हमे तो खाटू जाना जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,

बनवारी हम पूछ भी लेंगे, हम से बदल गए क्या
लाखों भक्तों के चक्क्र में, हम को भूल गए क्या
सब का एक ठिकाना जी, बुलावा आए या न आए ॥
हमे तो खाटू जाना जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,

लाखों लाखों भक्त हैं इसके, शायद भूल भी जाएँ
दर पर जाकर भक्तो हम ही, श्याम को याद दिलाएँ
हमे तो याद दिलाना जी, बुलावा आए या न आए ॥
हमे तो खाटू जाना जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,
धुन- नी मैं यार मनाना जी
अपलोडर- अनिल रामूर्ति भोपाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9781/title/shyam-ko-yaad-naa-aaye-chahe-shyam-ko-yaad-naa-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |